भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 141
दिनांक 21 जुलाई 2025

इथेनॉल मिश्रण लक्ष्यों पर प्रगति

141 **श्री मेदा रघुनाधा रेड्डी**:

क्या ***पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार 2030 के मूल लक्ष्य से पहले, 2025 तक पेट्रोल में 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण प्राप्त करने की दिशा में अग्रसर है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, जिसमें मई, 2024 तक प्राप्त इथेनॉल मिश्रण का वर्तमान प्रतिशत कितना है और इस प्रगति में तेजी लाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(ग) क्या 2025 के लक्ष्य को प्राप्त करने में कोई चुनौतियाँ हैं; और

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, तथा इन चुनौतियों से निपटने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

(क) से (घ) राष्ट्रीय जैव ईंधन नीति – 2018, वर्ष 2022 में यथासंशोधित, में अन्य बातों के साथ-साथ, पेट्रोल में 20% एथेनॉल मिश्रण प्राप्त करने के लक्ष्य को वर्ष 2030 से घटाकर एथेनॉल आपूर्ति वर्ष 2025-26 (ईएसवाई – दिनांक 01 नवम्बर, 2025 से दिनांक 31 अक्टूबर, 2026) कर दिया गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कम्पनियों (ओएमसीज) ने जून 2022 में अर्थात् ईएसवाई 2021-22 के दौरान लक्ष्य प्राप्त करने के पाँच माह पूर्व ही पेट्रोल में 10% एथेनॉल मिश्रण, ईएसवाई 2022-23 में 12.06% एवं ईएसवाई 2023-24 में 14.60% का लक्ष्य प्राप्त कर लिया। इसके अलावा, वर्तमान ईएसवाई 2024-25 के लिए दिनांक 30.06.2025 की स्थिति के अनुसार मिश्रण प्रतिशत 18.93% हो गया। जून, 2025 माह के दौरान 19.92% का एथेनॉल मिश्रण प्राप्त कर लिया गया।

एथेनॉल आपूर्ति वर्ष (ईएसवाई) 2025-26 तक 20% एथेनॉल मिश्रण के लक्ष्य प्राप्त करने के निमित्त सरकार ने भारत में एथेनॉल उत्पादन बढ़ाने हेतु कई उपाय किए हैं जिनमें अन्य बातों के साथ-साथ, एथेनॉल उत्पादन के लिए एथेनॉल फीडस्टॉकों का विस्तार करना, एथेनॉल मिश्रण योजना (ईबीपी) कार्यक्रम के अन्तर्गत एथेनॉल अधिप्राप्ति के लिए एक प्रशासित मूल्य व्यवस्था, ईबीपी कार्यक्रम के लिए एथेनॉल पर जीएसटी दर को घटाकर 5% करना, शीरे के साथ खाद्यान्न से एथेनॉल उत्पादन के लिए वर्ष 2018-22 के दौरान विभिन्न एथेनॉल ब्याज अनुदान योजनाएँ (ईआईएसएस) आरम्भ करना, ओएमसीज और समर्पित एथेनॉल संयंत्रों के बीच दीर्घकालिक उठान समझौतें (एलटीओएज), लिग्नोसेल्यूलोसिक बायोमास और अन्य नवीकरणीय फीडस्टॉकों का उपयोग करके उन्नत जैव ईंधन परियोजनाएँ स्थापित करने हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए "प्रधान मंत्री जी-वन (जैव ईंधन – वातावरण अनुकूल फसल अवशेष निवारण) योजना" – 2019, वर्ष 2024 में यथासंशोधित, अधिसूचित करना, एथेनॉल की उपलब्धता बढ़ाने के लिए एथेनॉल का मल्टीमॉडेल परिवहन तथा एथेनॉल के उच्चतर मिश्रण का रखरखाव करने के लिए अन्य सम्बन्धित अवसंरचना के साथ एथेनॉल भण्डारण क्षमता को बढ़ाना शामिल हैं।

****